an>

Title: Regarding illegal closure of Bajaj Hindustan Sugar Mill in Ganganauli village of Saharanpur, Uttar Pradesh.

श्री राघव लखनपाल (सहारनपुर) : अध्यक्ष महोदया, मेरे लोक सभा क्षेत्र सहारनपुर के गंगनौली में बजाज हिन्दुस्तान मिल द्वारा सुगर मिल संचालित है। बजाज हिन्दुस्तान एशिया का सबसे बड़ा चीनी उत्पदनकर्ता द्वारा जिलाधिकारी सहारनपुर को एक पत्र लिखा गया कि आगामी पेराई सत्र में वह मिल चलाने में असमर्थ हैं क्योंकि गन्ना किसान मिल को पूरा गन्ना नहीं दे रहे हैं। यह सरासर असत्य बात है बल्कि सच्चाई यह है कि मिल मालिक द्वारा किसानों का भुगतान सही रूप से नहीं किया गया है। उत्तर प्रदेश में इस ग्रुप की 14 मीलें संचालित हैं। अभी बीते पेराई सत्र में 46,0000 क्विंटल गन्ने की पेराई मील द्वारा की गई है जिससे 4,14000 क्विंटल चीनी का उत्पादन हुआ है और 1,60,000 लीटर इथेनॉल का उत्पादन हुआ है। इन आंकड़ों से हम यह देख सकते हैं कि मिल को किसी प्रकार का कोई घाटा नहीं हुआ है।

महोदया, मेरे क्षेत्र के लगभग 40 से 50 हजार किसान इस मिल से जुड़े हुए हैं। यदि यह मिल बंद होती है, तो किसान बर्बाद हो जायेगा और भूखमरी के हालात पर पहुच जायेगा। मेरा आपसे यह आग्रह है कि सरकार मिल प्रबंधन और बजाज हिन्दुस्तान ग्रुप के प्रबंधन को निर्देशित करे कि वह गांव गंगनौली में स्थित शुगर मिल का संचालन बंद न करे। यदि फिर भी प्रबंधन द्वारा इस मिल को बंद किया जाता है, तो उन पर सख्त से सख्त कार्रवाई की जाये।

माननीय अध्यक्ष :

श्री अजय मिश्रा टेनी और

कुंवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल को श्री राघव लखनपाल द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।